दिन–मंगलवार दिनांक– 24 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने सभी तरह के आतंकवाद की रोकथाम के लिए नई राष्ट्रीय आतंकवाद–विरोधी नीति और रणनीति– **प्रहार** का अनावरण किया।

02. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – एक लाख करोड़ रूपये के निवेश के साथ बिहार एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का गठन किया जायेगा।

03. राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उपग्रह की मदद से की जायेगी निगरानी।

04. और, बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने इस वर्ष होने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया। बयालीस हजार चार सौ सड़सठ पदों पर नियुक्ति के लिए सैंतीस परीक्षाएं होंगी आयोजित।

———————————————————

गृह मंत्रालय ने देश की नई राष्ट्रीय आतंकवाद–विरोधी नीति और रणनीति– **प्रहार** का अनावरण किया है। यह रणनीति आतंकवाद के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए एक व्यापक व्यवस्था प्रस्तुत करती है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसमें आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया गया है।

———बाईट———

आतंकवाद और आतंकी घटनाओं के पीड़ितों के अधिकारों पर वैश्विक सहमति बनाने के लिए भारत अपना प्रयास जारी रखेगा। देश ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर एक व्यापक ढांचा तैयार करने की दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। भारत अपनी आतंकवाद विरोधी नीति और रणनीति प्रहार को आगे बढ़ाएगा। जिसका उद्देश्य सभी आतंकवादी कृतियों को अपराध घोषित करना तथा आतंकवादियों, उनके वित्त पोषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। भारत आतंकवादी उद्देश्यों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर प्रयाग जारी रखेगा। दस्तावेज में भविष्य की उभरती आतंकवादी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाने और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। साथ ही आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जातीयता, राष्ट्रीयता या सभ्यता से जोड़ने के किसी भी प्रयास को सख्ती से खारिज किया गया है। सरकार ने आतंकवाद और हिंसा के प्रति अपनी अडिग शून्य सहनशीलता की नीति को दोहराया है। साथ ही आतंकवाद की पीड़ितों के प्रति समर्थन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृतियों के औचित्य को अस्वीकार किया गया है। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित होगा। यह गोलमेज सम्मेलन सत्ताईस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहा है। पिछला सम्मेलन वर्ष उन्नीस सौ निन्यानवे में हुआ था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता

करेंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

——————————————————

प्रदेश की सभी पुलिस लाईन में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हाई स्कूल और दीदी की रसोई की शुरूआत की जायेगी। विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह विभाग के बजट पर सरकार का उत्तर देते हुये यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये तीन नई सुविधाएं सभी पुलिस लाईनों में चरणबद्ध ढंग से शुरू की जायेगी। श्री चौधरी ने कहा कि पुलिस केन्द्रों के उन्नयन के लिए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जायेगा।

——————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कृषि ढ़ांचे की मजबत बनाने के लिए बिहार एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का गठन किया जायेगा। विधान परिषद में कृषि विभाग के बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुये श्री यादव ने कहा कि एक लाख करोड़ रूपये के निवेश के साथ इस मिशन का गठन होगा। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि एक्सीलेरेशन मिशन के गठन के लिए भी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य को कृषि स्टार्ट अप का हब बनाने और कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण कृषि हाट के विकास का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में तीन सौ छब्बीस दशमलव छह दो लाख टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने तीन हजार चार सौ छियालीस करोड़ रूपये से अधिक का विभागीय बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया।

——————————————————

सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि बिहार में गुजरात की तर्ज पर सहकारिता आधारित खेती की सम्भावनाओं की तलाश की जा रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि राज्य में भूमि के छोटे–छोटे टुकड़े हैं, इसलिए सहकारिता खेती की सम्भावनाएं बढ़ गयी हैं।

———बाईट———

सहकारिता मंत्री ने कहा कि चालू खरीफ विपणन मौसम में अब तक उनतीस लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हो गयी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में किसानों को छह हजार चार सौ करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है।

——————————————————

राज्य में उर्वरक की कालाबाजारी के आरोप में चालू वित्तीय वर्ष में एक सौ चार उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही चार सौ उन्नीस

प्रतिष्ठानों के प्राधिकार पत्र रद्द किये गये हैं। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण के उत्तर में यह जानकारी दी।

---बाईट---

--------------------------------

राज्य सरकार ने कहा है कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में मुखिया की मनमानी की शिकायतों की जांच करवाई जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राजद के सौरभ कुमार के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वार्ड सदस्यों को योजनाओं के आवंटन की भी जांच करवाई जायेगी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों को भी मनरेगा समेत अन्य कोष के तहत योजनाओं के चयन और राशि खर्च करने का अधिकार देने पर विचार किया जायेगा। इस संबंध में केन्द्र सरकार को भी पत्र भेजा जायेगा।

--------------------------------

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताली राजस्व कर्मचारियों से काम पर वापस लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की उचित मांगों पर सरकार गम्भीरता से विचार करेगी।

---बाईट---

गौरतलब है कि राजस्व कर्मचारी ग्रेड–पे बढ़ाने समेत सत्रह सूत्री मांगों को लेकर पिछले दस दिन से हड़ताल पर हैं।

--------------------------------

राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध तरीके से अफीम और गांजा की खेती की पहचान करने तथा इसके दुरूपयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उपग्रह का सहारा लिया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय नार्को समन्वय केन्द्र की उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला किया गया। निगरानी के लिए भाष्कराचार्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू संरचना संस्थान और उन्नत डाटा प्रसंस्करण अनुसंधान संस्थान की मदद ली जायेगी। मुख्य सचिव ने नशीले पदार्थों के कारोबार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

--------------------------------

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने इस वर्ष होने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया। कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष बयालीस हजार चार सौ सड़सठ पदों पर नियुक्ति के लिए सैंतीस परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। इसमें सबसे अधिक ग्यारह हजार तीन सौ नवासी पद स्टाफ नर्स के हैं। इसकी प्रक्रिया अगस्त महीने तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, कनीय अभियंता, फार्मासिस्ट, शल्यकक्ष सहायक और

परिधापक यानि ड्रेसर के पदों पर अप्रैल माह तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

——————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तैंतीसवीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। कुल एक सौ तिहत्तर पदों के लिए होने वाली नियुक्ति के लिए कल से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि अठारह मार्च निर्धारित है।

——————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सत्ताईस फरवरी से शुरू होगा। मूल्यांकन कार्य दस मार्च तक चलेगा। वहीं, मैट्रिक की वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दो मार्च से शुरू होकर तेरह मार्च तक चलेगा। समिति ने इस संबंध में सह–परीक्षकों और प्रधान परीक्षकों का चयन कर इसकी सूची वेबसाईट पर अपलोड कर दी है।

——————————————————

पटना एम्स में आई बैंक की शुरूआत हो गयी है। एम्स के निदेशक डॉक्टर राजू अग्रवाल ने बताया कि आई बैंक की शुरूआत होने से कॉर्निया प्रत्यारोपण तेज और सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि आई बैंक आधुनिक तकनीक और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम से लैस है, यहां दान किये गये कॉर्निया को लम्बे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

——————————————————

पटना जिला प्रशासन ने जिले के बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को बच्चों पर विशेष निगरानी रखने और उन्हें अकेला नहीं छोड़ने के निर्देश जारी किये हैं। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ममता वर्मा की ओर से जारी निर्देश के अनुसार जिले में बच्चा चोर गिरोह की सक्रिय होने की खबरों के बीच यह निर्देश जारी किये गये हैं। इसके अनुसार सभी महिला पर्यवेक्षिका और आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविका तथा सहायिका को बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं।

——————————————————

पटना की विशेष निगरानी अदालत ने रिश्वतखोरी के पैंतीस वर्ष पुराने मामले में नवादा के विद्युत विभाग के तत्कालीन कनीय अभियंता सुदामा राय को एक वर्ष कारावास और बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। निगरानी ने दोषी कनीय अभियंता को तीन सौ रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

——————————————————

पटना जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के पास एक एम्बुलेंस और ट्रक की बीच हुई टक्कर में एम्बुलेंस सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले के तुर्की थाना क्षेत्र में सकरी–सरैया के पास एक तेज रफ्तार कार के डिवाईडर से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————

सुपौल जिला मुख्यालय के वार्ड नम्बर एक में अगलगी की घटना में मां–बेटी की झुलस कर मौत हो गयी।

———————————————————

गया जिले के लुटुआ थाना क्षेत्र के महराव गांव में सीआरपीएफ ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किये। सभी विस्फोटकों को बम निरोधक दस्ते की मदद से नष्ट कर दिया गया है।

———————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत जवकटिया और बैठनियां गांव में पुलिस ने छापेमारी कर तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सकरी और रैयाम मिल चालू करने को शक्कर कारखाना संघ से करार। सहकारिता विभाग और राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ के बीच हुआ एमओयू।

दैनिक जागरण ने लिखा है– विधानसभा में घोषणा– बच्चों का मोबाईल स्क्रीन टाईम नियंत्रित करने को बनेगी नीति।

प्रभात खबर लिखता है– बिना वारंट के आईजी को गिरफ्तार करने पहुंची आंध्र पुलिस, पटना हाई कोर्ट ने लगायी फटकार।

दैनिक भास्कर ने केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– भारत टैक्सी पर ड्राईवरों की कमाई का बेस रेट तय होगा, अस्सी प्रतिशत मुनाफा लौटायेंगे।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– विधायक फंड बढ़ाने की मांग पर पक्ष और विपक्ष ने सरकार को घेरा।

आज अखबार की सुर्खी है– रांची से दिल्ली जा रहा चार्टर विमान क्रैश, सात की मौत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने सभी तरह के आतंकवाद की रोकथाम के लिए नई राष्ट्रीय आतंकवाद–विरोधी नीति और रणनीति– **प्रहार** का अनावरण किया।

02. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – एक लाख करोड़ रूपये के निवेश के साथ बिहार एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का गठन किया जायेगा।

03. राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उपग्रह की मदद से की जायेगी निगरानी।

04. और, बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने इस वर्ष होने वाली विभिन्न परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया। बयालीस हजार चार सौ सड़सठ पदों पर नियुक्ति के लिए सैंतीस परीक्षाएं होंगी आयोजित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।